>

Title: Need to raise the matter on international fora regarding pitiable condition of Hindu/Sikh Minority people in Pakistan.

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** महोदय, पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट 2010 के अनुसार अल्पसंख्यकों के लिए वर्ष 2010 बेहद खराब रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ओराकजाय एजेंसी नामक इलाके में 102 सिख परिवारों में से लगभग 25 प्रतिशत को तालिबानियों के फरमान के बाद अपना घर छोड़ना पड़ा। वहां ऐसी नाजुक स्थिति बनी की 27 हिंदू परिवारों को सुरक्षा कारणों से भारत में शरण लेनी पड़ी तथा बलूचिस्तान से 500 हिंदू परिवारों को भी जान-माल की धमकियों के कारण विस्थापित होने के लिए विवश होना पड़ा।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह पाकिस्तान में बसे हिंदू और सिख समुदाय के लोग, जिनकी स्थिति बेहद दयनीय व चिंताजनक है और जो हमेशा डर एवं आतंक के साये में जी रहे हैं, से संबंधित प्रकरण को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाकर उन्हें संरक्षण प्रदान करवाएं।